# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024

## इंटरमीडिएट परीक्षा – 2024

## ANNUAL / वार्षिक

**Sub. Code – 115/215/315/511** **Model Set**

**PALI (Compulsory)**

पालि (अनिवार्य)

**I.A., I.Sc., I.Com & Voc.**

**समयः 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक–100**

**Time : 3 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले

बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड–ब में कुल 1 से 30 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खंड में 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिन्हित करें। ***50x1=50***

1. भगवान बुद्ध के समय बोधगया का नाम क्या था ?

   (A) गिरिब्रज (B) उरूवेला

   (C) सेनानी (D) लिच्छवी

2. बोधगया किस नदी के किनारे स्थित है ?

   (A) फल्गु (B) पुनपुन

   (C) निरंजना (D) मोरहर

3. राजगीर का प्राचीन नाम क्या था ?

(A) उरूवेला (B) सेनानी

(C) अम्बलट्ठिका (D) गिरिब्रज

4. मुचलिन्द सरोवर कहाँ स्थित है ?

(A) राजगृह (B) बोधगया

(C) नालन्दा (D) वैशाली

5. राजकुमार सिद्धार्थ की मौसी (विमाता) का क्या नाम था ?

(A) महाप्रजापति गोतमी (B) यशोधरा

(C) विशाखा (D) सुजाता

6. राजगृह कितने पहाड़ियों से घिरा हुआ है ?

(A) चार (B) पाँच

(C) सात (D) आठ

7. प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है ?

(A) बंगाल (B) झारखण्ड

(C) बिहार (D) मध्य प्रदेश

8. प्राचीन तक्षशिला विश्वविद्यालय वर्त्तमान किस देश में स्थित है ?

(A) नेपाल (B) भूटान

(C) पाकिस्तान (D) अफगानिस्तान

9. लुम्बिनी वर्त्तमान किस देश में स्थित है ?

(A) भारत (B) पाकिस्तान

(C) नेपाल (D) श्रीलंका

10. बौद्धों की गीता किसे कहा जाता है ?

(A) खुद्दक पाठ (B) उदान

(C) धम्मपद (D) जातक

11. पिटकों की संख्या कितनी है ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) सात

12. भगवान् बुद्ध अपना उपदेश किस भाषा में दिये थे ?

(A) संस्कृत (B) हिन्दी

(C) पालि (D) उपभ्रंश

13. सिद्धार्थ के पिता का क्या नाम था ?

(A) शुद्धोदन (B) देवदत्त

(C) महाकाश्यप (D) रेवत

14. सिद्धार्थ किस कुल में उत्पन्न हुए थे ?

(A) कोलिय (B) शाक्य

(C) रघुवंश (D) यदुवंश

15. राहुल भगवान बुद्ध से क्या माँगे ?

(A) पैतृक अधिकार (B) घर

(C) राज्य (D) घोड़ा

16. राहुल की प्रव्रज्या किनके द्वारा किया गया ?

(A) सारिपुत्र (B) मोग्गलान

(C) रेवत (D) आनन्द

17. जीवक किस महाजनपद के राजचिकित्सक थे ?

(A) अंग (B) मगध

(C) काशी (D) कोशल

18. शालवती कौन थी ?

(A) गणिका (B) लेखिका

(C) शिक्षिका (D) सेविका

19. जीवक आम्रवन कहाँ स्थित है ?

(A) बोधगया (B) राजगृह

(C) नालन्दा (D) वैशाली

20. अजातशत्रु कहाँ के राजा थे ?

(A) अंग (B) मगध

(C) काशी (D) कोशल

21. अजातशत्रु के पिता का क्या नाम था ?

(A) कनिष्क (B) बिम्बिसार

(C) अशोक (D) बिन्दुसार

22. बिम्बिसार का बन्दी गृह (जेल) कहाँ स्थित है ?

(A) बोधगया (B) राजगृह

(C) नालन्दा (D) साकेत

23. विभिन्न दिशाओं में नमस्कार की विधि किस सुत्त में वर्णित है ?

(A) मंगल सुत्त (B) मेत्त सुत्त

(C) सिगाल सुत्त (D) पराभव सुत्त

24. वेणुवन कहाँ स्थित है?

(A) राजगृह (B) नालन्दा

(C) बोधगया (D) वैशाली

25. सोण भण्डार कहाँ स्थित है ?

(A) कुशीनगर (B) बोधगया

(C) सारनाथ (D) राजगृह

26. सिगाल सुत्त का उपदेश कहाँ दिया गया था ?

(A) आम्रवन (B) वन खण्ड

(C) वेणुवन (D) खजुर वन

27. सिगाल कौन था ?

(A) शिल्पकार (B) चिकित्सक

(C) गायक (D) गृहपति पुत्र

28. तपस्सु भल्लिक कौन थे ?

(A) व्यापारी (B) चिकित्सक

(C) गायक (D) लेखक

29. आर्य सत्यों की संख्या कितने हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) सात

30. अजपाल निग्रोध कहाँ स्थित है ?

(A) राजगृह (B) सारनाथ

(C) कुशीनगर (D) बोधगया

31. तपस्सु और भल्लिक कहाँ के व्यापारी थे ?

(A) अंग (B) उत्कल

(C) मगध (D) कुरू

32. उरूवेल काश्यप का निवास स्थान कहाँ था ?

(A) सेनानी (B) उरूवेला

(C) पावा (D) सप्तपर्णी गुफा

33. सप्तपर्णी गुफा कहाँ स्थित है ?

(A) कैमूर (B) जमुई

(C) राजगृह (D) पाटलिपुत्र

34. भगवान बुद्ध के पूर्व जन्मों की कहानी कहाँ वर्णित है ?

(A) धम्मपद (B) उदान

(C) थेरगाथा (D) जातक

35. राजा शुद्धोदन के राजपुरोहित का क्या नाम था ?

(A) रोहण (B) अश्वजीत

(C) जीवक (D) असित

36. सिद्धार्थ किस नदी को पार कर गृहत्याग किये ?

(A) ब्रह्मपुत्र (B) निरंजना

(C) गंगा (D) अनोमा

37. सुजाता कहाँ की रहनेवाली थी ?

(A) भण्डगाम (B) सेनानीगाम

(C) हत्थिगाम (D) कोटिगाम

38. सुजाता किस वृक्ष के नीचे सिद्धार्थ को खीर खिलाई थी ?

(A) नीम (B) पीपल

(C) बरगद (D) शाल

39. किस वृक्ष के नीचे राजकुमार सिद्धार्थ का जन्म हुआ था ?

(A) जोड़ा नीम (B) जोड़ा पीपल

(C) जोड़ा शाल (D) जोड़ा बरगद

40. कन्थक कौन था ?

(A) हाथी (B) घोड़ा

(C) मोर (D) तोता

41. राजकुमार सिद्धार्थ के घोड़े का क्या नाम था ?

(A) पवन (B) ऐरावत

(C) चेतक (D) कन्थक

42. गार्हस्थ्य जीवन एवं विरक्त जीवन की चर्चा किस सुत्त में है ?

(A) मंगल सुत्त (B) धनिय सुत्त

(C) आलवक सुत्त (D) मेत्त सुत्त

43. धनिय गोप का निवास (कुटिया) कहाँ स्थित था ?

(A) गंगा नदी के किनारे (B) मही नदी के किनारे

(C) पुनपुन (D) फल्गु

44. अम्बपालि गणिका कहाँ की गणिका थी ?

(A) वाराणसी (B) राजगृह

(C) वैशाली (D) साकेत

45. अम्बपालि गणिका भोजनोपरान्त बुद्ध को क्या दान दी थी ?

(A) शाल वन (B) पीपलवन

(C) आम्रवन (D) वनखण्ड

46. बुद्धकाल में प्रजातांत्रिक व्यवस्था कहाँ चल रही थी ?

(A) मगध (B) काशी

(C) कोशल (D) वैशाली

47. द्वितीय बौद्ध संगीति कहाँ बुलाई गई थी ?

(A) राजगृह (B) वैशाली

(C) नालन्दा (D) अम्बलट्ठिका

48. द्वितीय बौद्ध संगीति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) राहुल (B) आनन्द

(C) रेवत (D) मोग्गलिपुत्ततिस्स

49. द्वितीय बौद्ध संगीति में कितने अरहत भिक्षु भाग लिये थे ?

(A) 500 (B) 700

(C) 800 (D) 900

50. किस राजा के शासन काल में द्वितीय बौद्ध संगीति हुआ था ?

(A) अजातशत्रु (B) कालाशोक

(C) अशोक (D) कनिष्क

51. तृतीय बौद्ध संगीति कहाँ बुलाई गई थी ?

(A) राजगृह (B) वैशाली

(C) पाटलिपुत्र (D) नालन्दा

52. तृतीय बौद्ध संगति किस राजा के शासनकाल में बुलाई गई थी ?

(A) बिम्बिसार (B) अजातशत्रु

(C) अशोक (D) कनिष्क

53. तृतीय बौद्ध संगीति में कितने भिक्षु भाग लिये थे ?

(A) 700 (B) 800

(C) 900 (D) 1000

54. तृतीय बौद्ध संगीति के अध्यक्ष कौन थे ?

(A) मोग्गलीपुत्ततिस्स (B) रेवत

(C) महाकाश्यप (D) आनन्द

55. प्रथम बौद्ध संगीति में कितने अरहत भिक्षु भाग लिये थे ?

(A) 500 (B) 600

(C) 700 (D) 800

56. प्रथम बौद्ध संगीति की अध्यक्षता कौन किये थे ?

(A) रेवत (B) कनिष्क

(C) महाकाश्यप (D) सुभद्र

57. देवदत्त भगवान् बुद्ध के कौन थे ?

(A) पुत्र (B) मौसा

(C) भाई (D) साला

58. प्रथम बौद्ध संगीति कहाँ बुलाई गई थी ?

(A) राजगृह (B) बोधगया

(C) साकेत (D) नालन्दा

59. किस राजा के शासन काल में प्रथम संगीति बुलाई गई ?

(A) बिम्बिसार (B) अजातशत्रु

(C) अशोक (D) कनिष्क

60. महेन्द्र के पिता का क्या नाम था ?

(A) बिम्बिसार (B) उदयन

(C) अशोक (D) बिन्दुसार

61. राजा अशोक के समय मगध की राजधानी कहाँ थी ?

(A) राजगृह (B) वैशाली

(C) पाटलिपुत्र (D) साकेत

62. विदेशों में बौद्ध धर्म का प्रसार किस राजा के शासन काल में हुआ ?

(A) सातवाहन (B) पुष्यमित्र शुंग

(C) अशोक (D) भरत

63. भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण कहाँ हुआ था ?

(A) बोधगया (B) राजगृह

(C) कुशीनगर (D) सारनाथ

64. किस भोज्य पदार्थ को खाकर बुद्ध महापरिनिर्वाण को प्राप्त किये ?

(A) खीर (B) मछली

(C) हलवा (D) सुकर मद्‌दव

65. महापरिनिर्वाण के उपरान्त बुद्ध के अस्थियों को कौन विभाजन किये ?

(A) उदयन (B) द्रोण

(C) आनन्द (D) महाकाश्यप

66. भगवान बुद्ध के अस्थियों को कितने भागों में बाँटा गया ?

(A) चार (B) सात

(C) आठ (D) दस

67. उपसर्ग की संख्या कितने हैं ?

(A) दस (B) बारह

(C) अठारह (D) बीस

68. पालि में कितने सन्धि होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) सात

69. पालि में कितने वर्ण होते हैं ?

(A) 38 (B) 41

(C) 45 (D) 47

70. पालि में कितने स्वर वर्ण होते हैं ?

(A) सात (B) आठ

(C) चार (D) बारह

71. अव्ययीभाव किसके प्रकार हैं ?

(A) सन्धि (B) समास

(C) निपात (D) उपसर्ग

72. कुदाचनं किसके प्रकार हैं ?

(A) समास (B) उपसर्ग

(C) निपात (D) कारक

73. सेय्यथीदं किसके प्रकार हैं ?

(A) उपसर्ग (B) धातु

(C) निपात (D) समास

74. अन्तरा किसके प्रकार हैं ?

(A) निपात (B) कारक

(C) प्रत्यय (D) उपसर्ग

75. पालि में कितने पुरूष (पुरिस) होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) सात

76. निग्गहीत किसके प्रकार हैं ?

(A) निपात (B) समास

(C) सन्धि (D) उपसर्ग

77. सद्धिं किसके प्रकार हैं ?

(A) समास (B) निपात

(C) उपसर्ग (D) सन्धि

78. स्त्री प्रत्ययों की संख्या कितने हैं ?

(A) चार (B) सात

(C) आठ (D) दस

79. पालि किस प्रदेश की मूल भाषा थी ?

(A) मगध (B) अंग

(C) गान्धार (D) अवन्ती

80. मही नदी के कछार (किनारे) पर किसकी कुटिया थी ?

(A) आनन्द (B) रेवत

(C) धनिय (D) महाकाश्यप

81. ब्रह्मदत्त कहाँ के राजा थे ?

(A) राजगृह (B) वाराणसी

(C) वैशाली (D) साकेत

82. बहेलिया के जाल में कौन फँस गया था ?

(A) चूहा (B) साँप

(C) हिरण (D) बगुला

83. बहेलिया के जाल को कौन काटा था ?

(A) चूहा (B) कछुआ

(C) साँप (D) हिरण

84. कुरंग मृग जातक में बोधिसत्व किस योनी में जन्म ग्रहण किये ?

(A) हिरण (B) बगुला

(C) मेढ़क (D) मछली

85. विजय से क्या उत्पन्न होता है ?

(A) विजय (B) नीवरण

(C) वैर (D) अविद्या

86. सबसे बड़ा अग्नि किसे बतलाया गया है ?

(A) त्याग (B) राग

(C) प्रीति (D) ब्रह्मविहार

87. सबसे बड़ा सुख किसे बतलाया गया है ?

(A) तृष्णा (B) अविद्या

(C) निर्वाण (D) स्मृति

88. सबसे बड़ा लाभ किसे बतलाया गया है ?

(A) आरोग्य जीवन (B) तृष्णा

(C) नीवरण (D) आयतन

89. सर्वोत्तम धन किसे बतलाया गया है ?

(A) अविद्या (B) नीवरण

(C) संतुष्ट रहना (D) तृष्णा

90. सबसे बड़ा मित्र किसे बतलाया गया है ?

(A) विश्वास (B) धातु

(C) आसव (D) नीवरण

91. तृष्णा कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) सात

92. पतन के कारणों को किस सुत्त में वर्णन किया गया है ?

(A) मेत्त सुत्त (B) मंगल सुत्त

(C) पराभव सुत्त (D) सिगाल सुत्त

93. दुःख का मूल कारण क्या है ?

(A) चाग (B) तृष्णा

(C) सम्यक् दृष्टि (D) स्मृति

94. सारिपुत्त पूर्व में किनके शिष्य थे ?

(A) रोहण (B) संजय परिब्राजक

(C) पूर्ण काश्यप (D) सुभद्र

95. राजा अशोक किस धर्म को ग्रहण किये थे ?

(A) जैन धर्म (B) बौद्ध धर्म

(C) सिक्ख धर्म (D) इस्लाम

96. मल्लिक कहाँ के राजा थे ?

(A) मगध (B) अंग

(C) काशी (D) कोशल

97. जातक शब्द की व्युत्पत्ति किस धातु से हुई ?

(A) गम धातु (B) पठ धातु

(C) जन् धातु (D) सु धातु

98. मूर्ख के लक्षणों को किस वग्गो में बतलाया गया है ?

(A) अप्पमाद वग्गो (B) चित्त वग्गो

(C) बाल वग्गो (D) यमक वग्गो

99. जीवक कुमार सर्वप्रथम किनका इलाज किये थे ?

(A) अजातशत्रु (B) सेठ की पत्नी

(C) महामंत्री (D) बिम्बिसार

100. पालि व्याकरण के अनुसार शुद्ध शब्द क्या है ?

(A) ते पठति (B) सो पठति

(C) अहं पठति (D) सो पठन्ति

## खण्ड – ब

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 15X2=30

1. उपसर्ग का सामान्य परिचय प्रस्तुत करें। 2
2. 'बुद्ध' शब्द का रूप पठमा एवं दुतिया के सभी वचनों में लिखें। 2
3. 'अम्ह' का शब्द रूप दुतिया एवं ततिया के सभी वचनों में लिखें। 2
4. तत्पुरिस समास का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2
5. द्वन्द्व समास का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2
6. स्वर सन्धि का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2
7. तृष्णा का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2
8. 'लता' का शब्द रूप ततिया एवं चतुत्थी के सभी वचनों में लिखें। 2
9. प्रज्ञा के महत्त्व का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2
10. नालन्दा के महत्त्व पर प्रकाश डालें। 2
11. कुशीनगर के महत्त्व पर संक्षिप्त प्रकाश डालें। 2
12. चार पूर्व निमित्त (चत्तारिपुब्बनिमित्तानि) पर प्रकाश डालें। 2
13. सुजाता का सामान्य परिचय प्रस्तुत करें। 2
14. पञ्चवर्गीय भिक्षुओं का परिचय प्रस्तुत करें। 2
15. काश्यप बन्धुओं (जटिल काश्यप) का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2
16. विशाखा के द्वारा माँगे गए किन्हीं दो वरदानों को लिखें। 2
17. राहुल का सामान्य परिचय प्रस्तुत करें। 2

18. लुम्बिनी पर एक टिप्पणी प्रस्तुत करें। 2

19. अम्बपालि का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2

20. सिगाल का परिचय प्रस्तुत करें। 2

21. श्रावस्ती पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 2

22. वैशाली पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। 2

23. मार पराजय कथा का संक्षिप्त वर्णन करें। 2

24. सिद्धार्थ के गृहत्याग कथा का वर्णन करें। 2

25. नीति गाथा का सामान्य परिचय प्रस्तुत करें। 2

26. पराभव सुत्त के आधार पर पतन के कारणों की समीक्षा करें। 2

27. धम्मोवाद पर एक टिप्पणी प्रस्तुत करें। 2

28. सुख वग्गो के आधार पर सर्वोत्तम सुखों की मीमांसा करें। 2

29. देवदत्त के चरित्र का संक्षिप्त वर्णन करें। 2

30. सर्वोत्तम मंगल क्या है ? संक्षिप्त वर्णन करें। 2

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 4X5=20

31. राजोवाद जातक का सार संक्षेप प्रस्तुत करें। 5

32. सिगाल सुत्त के आधार पर विभिन्न दिशाओं में नमस्कार की विधि का वर्णन करें।5

33. सुख वग्गो के आधार पर सर्वोत्तम सुखों का वर्णन करें। 5

34. पण्डित वग्गो के आधार पर पण्डित के गुणों की समीक्षा करें। 5

35. राहुल कुमारस्स दायज्जदानं कथा का संक्षिप्त वर्णन करें। 5

36. ‘धनिय सुत्त’ का सारांश लिखें। 5

37. प्रथम आर्य सत्य (दुःख आर्य सत्य) का सार प्रस्तुत करें। 5

38. निम्नलिखित अंश की सप्रसंग व्याख्या करें – 5

‘यावजीवम्पि चे बालो पण्डितं पयिरूपासति।

न सो धम्मं विजानाति दब्बी सूपरसं यथा।।